संख्या-297/2022/1393/41-2022-42(सा0)/2022

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

**पर्यटन अनुभाग** **लखनऊ, दिनांक 27 मई,2022**

**विषय:- जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम के निषादाराज पार्क फेज-2 का पर्यटन विकास कराये जाने हेतु उच्च विशिष्ट कार्यों के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विष्यक अपने सं0-8289/6-1-1/(1387)/2021-22 दिनांक 24 मार्च, 2022, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा परियोजना प्रबन्धक, यू0पी0 प्रोजेक्टस कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-1400/पीसीएल/पी0एम0/प्रयागराज/पर्यटन दिनांक 23.03.2022, जिसमें जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क फेज-2 का पर्यटन विकास कराये जाने हेतु उच्च विशिष्ट कार्यों को सम्मिलित करते हुए व्यय विवरण उल्लिखित है, को संलग्न कर उपलब्ध कराते हुए सन्दर्भगत परियोजना हेतु कतिपय उच्च विशिष्टियों के कार्यों के सम्बन्ध में मा0 मंत्रि-परिषद का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रवेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं पर्यटन गन्तव्यों के समन्वित एवं सुनियोजित पर्यटन विकास हेतु अनेक कार्य कराये जा रहे है। पर्यटन विकास की इन परियोजनाओं हेतु राज्य सेक्टर के अन्तर्गत प्रदेश सरकार से बजट व्यवस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष धनराशि प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम एवं प्रासाद स्कीम के अन्तर्गत भी धनराशि प्राप्त होती है।

3. जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम का पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व पुरातात्विक महत्व है। श्रृंगवेरपुर धाम मॉ गंगा के तट पर प्रयागराज में माता शान्ता एवं श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। वन गमन के समय मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने भगवती सीता अनुज लक्ष्मण जी के साथ आश्रम जी के साथ आश्रम में रात्रिवास किया तथा दूसरें दिन निषादराज ने अपनी नौका से उन्हे गंगा पार पहुंचाया था।

4- जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क फेज-2 के कार्य से सम्बन्धित प्रारम्भिक प्रयोजना प्रस्ताव/आगणन प्रस्तावित लागत रू0 2216.29 लाख प्रायोजना रचना एवं मुल्यांकन प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, उ0प्र0, लखनऊ को परीक्षणार्थ सन्दर्भित किया गया था। परीक्षणोपरान्त प्रयोजना की लागत रू0 2009.09 लाख आकंलित की गई है।

5- उपरोक्त के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क के पर्यटन विकास हेतु उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग प्रयागराज परिक्षेत्र के शिड्यूल आफ रेट्स वर्ष-2020 तथा डी0एस0आर0 वर्ष 2021 के आधार पर किया गया है। जो दरें इसमें उपलब्ध नही है उन हेतु बाजार दरों को एस0ओ0आर0 के स्कैल्टन में

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।

प्रयुक्त करते हुए एनलाईज्ड दरों के आधार पर किया गया है। उपरोक्त प्रस्तर-4 में उल्लिखित कार्यों हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया। प्रस्तावित परियोजना जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क के पर्यटन विकास हेतु उच्च विशिष्ट कार्य जैसे वाईट सैण्ड स्टोन क्लेडिंग, 04 एम0एम0 रोटी स्टोन जाली, आरनामेन्टल स्टोल कार्य, सैण्ड स्टोन रेलिंग, सैण्ड स्टोन बैरकेट, आर्ट वर्क आदि कराया जाना है।

6- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क के पर्यटन विकास हेतु उच्च विशिष्ट कार्य जैसे, वाईट सैण्ड स्टोन क्लेडिग,40 एम0एम0 मोटी स्टोन जाली, आरनामेन्टल स्टोन कार्य, सैण्ड स्टोन रेलिंग, सैण्ड स्टोन ब्रैकेट, आर्ट वर्क आदि कार्य कराये जाने की स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि क्रियान्वयन से पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा इन कार्यों हेतु प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर दरें प्राप्त कर निर्माण कार्य सुसंगत वित्तीय नियमों के आधार पर किया जायेगा।

अत: कृपया तदनुसार प्रकरण में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

**संख्या-297/2022/1393(1)/41-2022-42(सा0)/2022 दिनांक तदैव।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-**

1. मुख्य सचिव,उ0प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
3. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव**
   न्याय विभाग/वित्त विभाग/लोक निमार्ण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री,पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. आयुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
6. जिलाधिकारी, प्रयागराज।
7. संयुक्त निदेशक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8. क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी, प्रयागराज।
9. वेब अधिकारी,पर्यटन विभाग।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(गिरिजापति द्विवेदी)
उप सचिव।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।



http://shasanadesh.up.nic.in